दिनांक 09.07.2021

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

भिलाई निगम क्षेत्र अमृत मिशन के कार्यो की ईरमा की टीम ने किया प्रशंसा

अमृत मिशन के तहत चल रहे कार्यों का दिल्ली की टीम ने किया निरीक्षण

भिलाईनगर / अमृत मिशन के तहत पेयजल व्यवस्था को लेकर किए जा रहे कार्यों निरीक्षण करने पहुंची ईरमा की टीम ने भिलाई निगम के जलकार्य विभाग के कार्यों की प्रशंसा किए। हर घर तक पानी पहुंचाने डिस्ट्रीब्यूशन पाईपलाइन , पानी, टंकी, उद्यान और शुद्ध पेयजल के लिए तैयार किए ट्रीटमेंट प्लांट निरीक्षण करने दिल्ली से टीम भिलाई पहुंची जिन्होंने हर कार्य का मौके पर पहुंचकर अलवलोकन किया और जांच में सभी कार्य गाईडलाइन के मुताबिक करना पाया गया। टीम ने योजना के तहत बनाए गए उद्यानों का भी निरीक्षण किया और फिल्टर प्लांट में पौधारोपण भी किए। निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी द्वारा अमृत मिशन के तहत पेयजल व्यवस्था को बेहतर बनाने पाइपलाइन, पानी टंकीयों के निर्माण को लेकर लगातार मॉनिटरिंग करते हुए शीघ्र ही निर्माण कार्यो को पूरा करने निर्देश देते हुए फीडबैक लेते रहते है।

नगर पालिक निगम, भिलाई क्षेत्र में अमृत मिशन योजना अंतर्गत नागरिकों के जनसुविधा के लिए विभिन्न कार्य किए जा रहे है , प्रगतिरत कार्य और पूर्ण हो चुके कार्यों का निरीक्षण करने के लिए दिल्ली से ईरमा की टीम आज भिलाई निगम पहुंची थी। निरीक्षण के दौरान टीम के साथ रहे जलकार्य विभाग के कार्यपालन अभियंता संजय शर्मा ने बताया कि अमृत मिशन के तहत कार्य मापदंडों के अनुरूप हो रहा है कि नहीं उसका टीम ने अवलोकन किया। निगम की टीम के साथ उन्होंने विभिन्न स्थल पहुंचे और अवलोकन पश्चात किए जा रहे कार्यो से संतुष्टी जाहिर करते हुए भिलाई निगम द्वारा किए गए कार्यों की प्रशंसा किए। टीम ने आज मोरिद में नवनिर्मित 6 एमएलडी जल शोधन संयंत्र में पानी की फिल्टर पद्धति , मोटर पंपों की तकनीकी गुणवत्ता , मापदंड के अनुरूप पंप हाउस का निर्माण को देखे। निगम क्षेत्र में नागरिकों को शुद्ध जल प्रदाय किया जाना है इसके लिए आए उन्होंने लैबोरेटरी में मानक अनुरूप जल की शुद्धता के लिए जांच के लिए अपनाई जाने वाली प्रक्रिया का फीडबैक लेते हुए प्लांट के भीतर लगे हुए मोटर पैनल की जांच , प्लांट में सफाई सफाई व्यवस्था , पेयजल होने वाले पानी में टर्बिडीटी की जांच करते हुए कर्मचारियों की उपस्थिति पंजी का भी अवलोकन किए।